डॉ० देवेन्द्र शर्मा
अध्यक्ष

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर प्रदेश
राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग
लखनऊ -226001

पत्रांक राoबाoआo/ २५२ /स्थाo/2024–25 दिनांक 15-05-2024

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश,
लखनऊ।

विषय : राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, उ0प्र0 कार्यालय में रिक्त नियमित पदों पर तैनाती के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि शासन की अधिसूचना सं0–6069/60–1–13–1/13(92)/06 दिनांक 29.11.2013 द्वारा आयोग का गठन किया गया है। आयोग के कार्यों के निष्पादन हेतु उक्त अधिसूचना के साथ संलग्न परिशिष्ट–'क' में विभिन्न नियमित पदों की स्वीकृति प्रदान की गयी है। उल्लिखित नियमित पदों पर पूर्ण तैनाती न होने के कारण कार्यालय के सुचारू संचालन में कठिनाई प्रतीत होती है। शासन के पत्र सं0–1029/60–1–16–1/13(92)/06 दिनांक 12.05.20216 द्वारा प्रतिनियुक्ति के माध्यम से कार्मिकों की तैनानी की स्वीकृति प्रदान की गयी है। आयोग द्वारा विभिन्न पत्रों के माध्यम से समस्त विभागाध्यक्षों, उ0प्र0 को पत्र प्रेषित कर प्रतिनियुक्ति के माध्यम से तैनाती करने का अनुरोध किया गया है। किन्तु 18 पदों के सापेक्ष मात्र 01 कार्मिक प्रतिनियुक्ति के माध्यम से आयोग कार्यालय में कार्यरत् है।

उल्लेखनीय हे कि आयोग कार्यालय में बालहितों के हनन से सम्बन्धित विभिन्न शिकायतें प्राप्त होती है। नियमित कार्मिकों की पूर्ण तैनाती न होने के कारण ससमय उनका निस्तारण कराने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया आयोग कार्यालय में रिक्त पदों पर नियमित/ प्रतिनियुक्ति के माध्यम से कार्मिकों की तैनाती कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–उक्तवत्।

भवदीय

(डॉ0 देवेन्द्र शर्मा)
अध्यक्ष

उ0प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग में रिक्त पदों का विवरण

क्र0सं0	पद नाम	रिक्त पद	समाप्ति अवधि
01	संख्या अधिकारी	01	नियमित।
02	बाल मनोविज्ञान विशेषज्ञ	01	नियमित।
03	वैयक्तिक सहायक	01	नियमित।
04	आशुलिपिक	07	नियमित।
05	लेखाकार	01	नियमित।
06	लेखा सहायक	01	नियमित।
07	वरिष्ठ सहायक	02	नियमित।
08	कनिष्ठ लिपिक	02	नियमित।